# महंगाई राहत शिविरों से प्रत्येक परिवार को लाभ मिले यह सरकार की मंशा : मेघवाल

**बीकानेर,** (कासं)। आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल, राज्य वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. खानूखान बुधवाली तथा जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलान ने गुरूवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित प्रशासन गांवों के संग और महंगाई राहत शिविरों का निरीक्षण किया।



आपदा प्रबंधन मंत्री गोविन्द राम मेघवाल ने महंगाई राहत कैम्प में लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किए।

आपदा प्रबंधन मंत्री ने ग्राम पंचायत नाडा एवं तख्तपुरा में शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने कि शिविरों के माध्यम से प्रत्येक परिवार को लाभ मिले, यह राज्य सरकार की मंशा है। अब तक वंचित परिवार अपना पंजीकरण करवाएं। उन्होंने कहा कि जिले के किसी भी स्थान पर आयोजित कैम्पों में रजिस्ट्रेशन करवाकर इन योजनाओं के लाभ की गारंटी हांसिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आमजन के लिए वरदान साबित हुई है।

इन योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयास किए जाएं। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए तथा शिविरों के स्टॉल्स का निरीक्षण किया। राज्य वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. खानूखान बुधवाली भी गुरूवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे पर रहे तथा विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने लूणकरनसर के राजपुरा हुडान और शेखसर तथा छतरगढ़ के तखतपुरा व 1 डीएलएसएम के शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कैम्प में मौजूद लोगों से बातचीत के दौरान कहा कि आमजन को महंगाई से राहत दिलाने के लिए महंगाई राहत कैम्प आयोजित किए जा रहे हैं। यह 30 जून तक चलेंगे। इस दौरान सभी परिवार अपना पंजीकरण करवाएं, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि कैम्प में आने वाले लोगों को किसी परेशानी नहीं हो, इसके मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखें। लूणकरनसर क्षेत्र में पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल तथा पूर्व प्रधान गोविंद गोदारा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे। उधर जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने सींथल एवं बेरासर में प्रशासन गांवों के संग और महंगाई राहत शिविरों का निरीक्षण किया। शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा गर्मी के हिसाब से सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी निर्धारित समय पर शिविरों में पहुंचे तथा अंतिम प्रकरण के पंजीकरण तक कार्य करें। उन्होंने अब तक के पंजीकरण कार्यों की प्रगति

- **शिविरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा गर्मी के हिसाब से सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश दिए**

जानी और लाभार्थियों को मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किए। जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर व्यवस्था संबंधी फीडबैक लिया। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित बेटी जन्मोत्सव, गोद भराई तथा अन्नप्राशन कार्यक्रम में भाग लिया। उड़ान योजना के तहत सेनेटरी नैपकिन भी वितरित किए।

जिले में गुरूवार तक आयोजित महंगाई राहत शिविरों में 17 लाख 83 हजार 334 लोगों को विभिन्न योजनाओं के लाभ की गारंटी मिल चुकी है। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि गुरुवार तक अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना के 2 लाख 34 हजार 587, स्वास्थ्य बीमा योजना में प्रत्येक के 3 लाख 9 हजार 289, कृषि विद्युत के 20 हजार 466, घरेलू बिजली के 2 लाख 10 हजार 12, गैस सिलेंडर योजना के 1 लाख 40 हजार 212 गारंटी कार्ड जारी किए।

## लिंक भेज की 70 हजार की ठगी

**बीकानेर,**(कासं)। ऑनलाइन ठगी में एक तरीका पुराना होता है तो दूसरा तरीका निकाल लिया जाता है। अब शोक संदेशों से मोबाइल नंबर उठाकर ठग नया कारनामा कर रहे हैं। बीकानेर के एक युवक के साथ इसी तरह धोखाधड़ी हुई और सत्तर हजार रुपये ले लिए। अब पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है।

दरअसल मुरलीधर व्यास कॉलोनी में रहने वाले रघु शर्मा के साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। उनके पास एक कॉल आया कि अपने पिताजी से बात करवाओ। रघु ने बताया कि उनका निधन तो 13 जनवरी को हो गया। इस पर कॉलर ने कहा कि उसने पिताजी से बीस हजार रुपये उधार लिए हुए थे, जो लौटाने हैं। बेटे ने अपने यूपीआई एकाउंट की डिटेल दे दी। थोड़ी देर बाद कॉल आया कि उसने गलती से बीस के बजाय चालीस हजार जमा करवा दिए हैं। इसलिए वो बीस हजार रुपए लौटा दें। इसके लिए एक लिंक भेजा, जिसे ओपन करना था। गलती से इस लिंक पर क्लिक कर दिया। ऐसे में फोन हेक करके ठग ने उसके खाते से पहले चालीस हजार और फिर तीस हजार रुपए निकाल लिए।

नयाशहर थाने में इस आशय का मामला दर्ज कराया गया है। एक ही तरीके से बड़ी संख्या में लोगों को ठगने के बाद आम आदमी जागरूक होता है, तब तक ठग नया तरीका ढूंढ लेते हैं। माना जा रहा है कि शोक संदेश में दिए गए मोबाइल नंबर देखकर ही इस तरह की ठगी की जा रही है।

## सार-समाचार

### संगीत शास्त्र पुस्तक का लोकार्पण



कवि कथाकार राजेन्द्र जोशी ने भारतीय संगीत ज्ञान-शास्त्र पुस्तक का लोकार्पण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान तथा भगवती संगीत कला केन्द्र के तत्वावधान में संगीतज्ञ ज्ञानेश्वर सोनी एवं उनके पुत्र युवा संगीतज्ञ गौरीशंकर सोनी द्वारा संगीत पर लिखी पुस्तक 'भारतीय संगीत ज्ञान-शास्त्र' का लोकार्पण नरेन्द्र सिंह ऑडिटोरियम में किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में संगीत गुरू एवं वरिष्ठ रंगकर्मी लक्ष्मीनारायण सोनी ने कहा कि इस पुस्तक की संगीत जगत में मांग थी। इसके आ जाने से संगीत के विद्यार्थियों को बहुत लाभ मिलेगा। यह पुस्तक शोधार्थियों के लिए बहुत उपयोगी होने के साथ-साथ संगीत के विद्यार्थियों की जरुरतों की पूर्ति करने वाली पुस्तक है। स्वर्णकार ने कहा इस पुस्तक को संपूर्ण भारतीय संगीत शास्त्र कोष के रूप में देखना और संगीत के पारिभाषिक शब्दों के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाना मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान ने लेखक पिता-पुत्र का सम्मान शॉल, अपर्णा सम्मान पत्र भेंट कर किया। सम्मान पत्र का वाचन साहित्यकार संजय पुरोहित ने किया। श्री ब्राह्मण स्वर्णकार पेंशनर्स सोसायटी के प्रेमकुमार, प्रेमरतन सोनी, राधाकिशन सोनी, सूर्यप्रकाश, ब्रजरतन सोनी ने माल्यार्पण और शॉल से दोनों लेखकों का सम्मान किया। कार्यक्रम में गीतकार राजेन्द्र स्वर्णकार, कमल सेन, नितिन तिवाड़ी, वरिष्ठ रंगकर्मी बी एल नवीन, ताराचंद सोनी, गिरिराज पारीक, यशवर्धन, टीकमचंद सोनी, शंकरन, हिमानी शर्मा, चैतन्य शर्मा, मनोज सोनी, भगवती प्रसाद सोनी, राधाकिशन सोनी, आशाराम सोनी, नेमकंवरी देवी, गायिका मंजू सोनी, मंजू मंडोरा, गायिका अरुणा सोनी, मोनिका, त्रिलोकचंद, कंचन देवी, बबीता देवी, प्रीति, जयश्री द्वारा लेखकों का सम्मान किया गया।

### शेरेरा ग्राम पंचायत भवन का उद्घाटन

**बीकानेर,** (कासं)। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी, एग्रो इंडस्ट्री डवलपमेंट के अध्यक्ष रामेश्वर लाल डूडी और पूर्व मंत्री हरीश चौधरी ने ग्राम पंचायत शेरेरा के नव निर्मित भवन और खेल मैदान का गुरूवार को लोकार्पण किया। इस भवन के निर्माण पर 33 लाख 97 हजार रुपये खर्च किए गए हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं और महंगाई राहत शिविर के माध्यम से दी जा रही राहत के बारे में बताया। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि राज्य में विद्युत तंत्र को सुदृढ़ किया जा रहा है। नए जीएसएस, ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि गांव शेरेरा के 132 जीएसएस पर 50 एमवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगवा दिया जायेगा। एग्रो इंडस्ट्री डवलपमेंट के अध्यक्ष रामेश्वर लाल डूडी ने कहा कि भूमि दान से बड़ा कोई दान नहीं है। शिव धोरा पर 14 बीघा भूमि दान करने वाले भामाशाह परिवार की उन्होंने सराहना की और कहा कि अन्य लोगों को सार्वजनिक हित में भूमि दान करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। पूर्व मंत्री हरीश चौधरी ने कहा कि वर्ष 1954 में हमें खातेदारी अधिकार मिला और हम किसान कहलाए। इससे पहले हम मजदूर थे। खातेदारी अधिकार मिलने के बाद किसान कहलाए। जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल ने स्टेडियम व मेघवाल समाज की श्मशान भूमि पर चारदिवारी बनवाने की बात कही। इस अवसर पर बड़ाबास के नारायण जांगिड़ व मदनलाल परिवार द्वारा शिव धोरा को 14 बीघा भूमि दान करने पर अतिथियों ने स्वागत व अभिनंदन किया गया।

### गिरफ्तारी के लिए एस.पी. से गुहार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। टिब्बी तहसील के गांव मल्लड़ खेड़ा निवासी जसवीर सिंह ने ग्रामीणों के साथ एसपी को ज्ञापन सौंपा। इसमें महिला से छेड़छाड़ और परिजनों से मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में दर्ज मामले में नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग के साथ न्याय की गुहार लगाई। ज्ञापन में बताया कि गांव नगराना का खजान सिंह व डूंगरराम जाट आए जिन्होंने उस समय घर में अकेली महिला को रुपए का लालच देकर अवैध संबंध बनाने के लिए कहा। महिला के शोर मचाने पर परिजनों के आने के बाद आरोपी वहां से भाग गए। इसके बाद भतीजा लवप्रीत अपने साथ अर्शदीप, सुखवीर सिंह को लेकर जब उलाहना देने के लिए गया तो आरोपियों ने तीनों के साथ लोहे की रॉड से मारपीट करते हुए गंभीर चोटें पहुंचाई। मारपीट में सुखवीर के गंभीर चोटें मारते हुए उसे बंधक बना लिया। अर्शदीप व सुखवीर के साथ मारपीट करते हुए गर्म पानी डालकर जलाते हुए जाति सूचक गाली-गलौज किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची संगरिया पुलिस ने अर्शदीप व सुखवीर को आरोपियों के चंगुल से छुड़वाकर संगरिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल के बाद बीकानेर रैफर कर दिया। ज्ञापन में परिवार की जान माल की सुरक्षा की गुहार लगते हुए पीड़ित ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। इस मौके पर नक्षत्र सिंह, जगदेव सिंह, छिंदरपाल सिंह आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### गौशाला में एक ट्रक चारा डलवाया

**बीकानेर,** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल बीकानेर केन्द्र द्वारा श्रीकृष्ण गौशाला संस्थान पलाना में सेठ चम्पकमल गुलाब देवी सुराणा के सहयोग से जीव दया कार्यक्रम के तहत एक ट्रक चारा गौशाला में डलवाया गया। संस्था के अध्यक्ष नरेन्द्र सुराणा की तरफ से 10 क्विंटल लापसी, 20 औषधि लड्डू के बैग गौशाला को प्रदान किये गये। इस सेवा कार्य में नरेन्द्र सुराणा, पूर्व महापौर नारायण चौपड़ा ,वीर डॉ. जे.एस. मेहता, वीर विनोद जी बांठिया, वीर प्रवीण मित्तल, वीर निर्मल बरडिया, गौशाला के अध्यक्ष पन्नालाल सियाग, कानाराम व मुकेश अग्रवाल, मनीष शामिल थे।

# संभाग स्तरीय अमृता हॉट मेले को लेकर तैयारी बैठक

**बीकानेर,** (कासं)। संभाग स्तरीय अमृता हॉट मेला 3 से 9 अक्टूबर तक आयोजित किया जाना प्रस्तावित किया गया है। संभागीय आयुक्त डॉ नीरज के. पवन की अध्यक्षता में गुरूवार को इस संबंध में तैयारी बैठक आयोजित की गई।



संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ( बीच में ) ने अमृता हॉट मेले की तैयारी को लेकर ली अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में संभागीय आयुक्त डॉ पवन ने कहा कि सभी संबंधित विभाग समन्वय करते हुए प्रस्तावित दिनांक से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर लें। अमृता हॉट मेले में प्रदेश के सभी जिलों के साथ निकटवर्ती राज्यों से भी महिला स्वयं सहायता समूहों को भी आमंत्रित किया जाए। इस वर्ष मेले में 181 स्टॉल लगाई जाएं। संभागीय आयुक्त ने कहा कि मेले में पहुंचने वाली एसएचजी महिलाओं के ठहरने, खाने-पीने, सुरक्षा इत्यादि के पुख्ता इंतजाम करें। कलाल ने कहा कि हॉट मेले में हर जिले का एक यूनिक प्रोडेक्ट बिक्री के लिए लाया जाए तथा इस संबंध में अभी से सूचना लेकर प्रचार-प्रसार करें।

एसएचजी की महिलाओं को मसाला चौक, बीकानेर चौपाटी और किसी औद्योगिक इकाई का भ्रमण करवाएं। महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन ने बताया कि गत वर्ष आयोजित अमृता हाट मेले में प्रदेश के सभी जिलों से एसएचजी पहुंचे तथा 38 लाख रुपए की बिक्री हुई। इस वर्ष भी पूरी तैयारियां करते हुए मेला आयोजित किया जाएगा जिससे महिला एसएचजी को आर्थिक आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सहायता मिल सके। उन्होंने बताया कि मेले में अन्य महिलाओं से प्राइवेट दुकाने लगाने के लिए भी प्रतिदिन के शुल्क पर दुकानें आवंटित की जाएगी। मेले में लकी ड्रा भी रखा जाएगा। बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ए एच गौरी, सीईओ जिला परिषद नित्या के, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) ओमप्रकाश, आरसीएचओ डा राजेश गुप्ता, अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी मुकेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर के बाहर से बाइक चोरी

**अनूपगढ़,** (कासं)। दिनों दिन बाइक चोरी के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। बुधवार रात 1.10 बजे अनूपगढ़ के वार्ड नंबर 20 में 4 अज्ञात व्यक्तियों ने घर के बाहर खड़ी बाइक को चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

चोरी का यह पूरा मामला घर के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पीडित बसंत ग्रेवाल ने बताया कि वह वार्ड नंबर 20 में रहता है। बुधवार रात्रि उसने अपना मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी की थी। जब आज सुबह उठकर देखा तो मोटरसाइकिल घर के बाहर नहीं थी। इस पर बाइक की तलाश की लेकिन बाइक का कोई पता नहीं लग पाया है। पास ही लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो पता चला की रात 1.10 पर चार चोर दो बाइक पर सवार होकर वार्ड नंबर 20 में आए थे और उन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले गली में रैकी भी की थी।

रैकी के कुछ देर बाद उन चारों व्यक्तियों में से दो युवक बाइक को धक्का मार कर ले जाते हुए दिखाई दे रहे है। जिसके बाद अनूपगढ़ पुलिस थाने में रिपोर्ट दे दी है। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। क्षेत्र में नशे के कारण चोरी की वारदातें भी बढ़ रही हैं।

# सांड की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अनूपगढ़,** (कासं)। एक सांड के हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सांड ने बाइक सवार दो युवकों को इतनी जोर से टक्कर मारी की दोनों हवा में उछल सड़क पर गिर गए।

टक्कर के बाद सांड एक बाइक सवार के सिर को रौंदता हुआ ऊपर से निकल गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इधर ये पूरी घटना पास ही दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। मामला श्रीगंगानगर जिले के अनूपगढ़ थाना क्षेत्र के खानुवाली गांव में है। इस हमले में घायल युवक को पहले स्थानीय सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया। यहां से उसे बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में रैफर किया गया। घायल भजन के साथी मकबूल खान ने बताया कि 19 केएनडी निवासी भजन लाल (31) पुत्र मक्खन लाल के साथ चक्की पर आटा लेने के लिए खानूवाली गांव गए थे।

जब भजनलाल बाइक पर गांव खानूवाली में स्थित चक्की के पास पहुंचा तो अचानक सामने से आ रहे सांड ने बाइक पर हमला कर दिया। इसके बाद वह अपने साथी के साथ नीचे गिर गया। हादसे में भजन लाल के

- **टक्कर के बाद सांड एक बाइक सवार के सिर को रौंदता हुआ ऊपर से निकल गया**

सिर पर गंभीर चोट आई। आस-पास के लोगों ने बताया कि सांड के पीछे कुत्ते पड़ गए थे। कुत्तों से बचने के लिए सांड भाग रहा था। इसी दौरान भजन लाल का भी वहां से निकलना हुआ। गली पर मोड़ की वजह से वे सांड को देख नहीं पाए और सांड इनकी बाइक में घुस गया। ग्रामीणों ने बताया कि आए दिन आवारा पशुओं से हादसे होते हैं।

प्रशासन से कई बार मांग चुके हैं कि आवारा पशुओं की समस्याओं से निजात दिलाई जाए। लेकिन प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। हादसे के बाद भजनलाल वहीं बेहोश होकर नीचे गिर गया। स्थाानीय लोग खानूवाली पीएचसी लेकर गए, जहां से बीकानेर रैफर कर दिया गया। घायल के परिजनों ने बताया कि भजनलाल की हालत में अब सुधार है।

# हरीश डाबी रायसिंहनगर पालिका के कार्यवाहक अध्यक्ष

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। रायसिंहनगर नगर पालिका का कार्यवाहक अध्यक्ष हरीश डाबी को बनाया गया है। डाबी पालिका के उपाध्यक्ष भी हैं।

नगर पालिकाध्यक्ष मनीष मोहन कौशल को भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद स्वायत्त शासन विभाग ने सस्पेंड कर दिया था। कौशल ने सस्पेंड किए जाने के आदेश को कोर्ट में चुनौती भी दी थी। यह याचिका खारिज होने के बाद कौशल को पद छोड़ना पड़ा था। अब नियमों को ध्यान में रखते हुए उपाध्यक्ष हरीश डाबी को इस पद का कार्यभार दे दिया गया है। अध्यक्ष कौशल पर लम्बे समय से भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे थे। इनमें कुत्तों की नसबंदी के काम में गड़बड़ी करने, नगर पालिका को नुकसान पहुंचाने के लिए विज्ञापन ठेका पहले से कम राशि में देने सहित कई आरोप हैं। इस मामले में डीएलबी बीकानेर के उपनिदेशक स्तर पर जांच हुई। आरोप सही पाये जाने पर डीएलबी ने कौशल को सस्पेंड करने का फैसला किया। नगर पालिका में भ्रष्टाचार को लेकर समय-समय पर हंगामा भी होता रहा है। पालिकाध्यक्ष मनीष मोहन कौशल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उपाध्यक्ष हरीश डाबी ने डीएलबी को शिकायत दी थी। जांच में कौशल को हटाने का फैसला किया गया।

## ट्रक आपरेटरों का प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर ट्रक आपरेटर सघर्ष समिति के संयोजक प्रभुराम साहु व जेठाराम लाखुसर के नेतृत्व में पांच सूत्री मांगों को लेकर ट्रक आपरेटरों ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

शिष्टमंडल में अखिल भारतीय किसान सभा के जेठाराम लाखुसर सरपंच प्रतिनिधि हसराज कस्वां पूर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह भाटी, भैराराम डोगीवाल, संयोजक मंडल के प्रभुराम साहु, रामेश्वर सुथार, कोजाराम मेघवाल, चेतनराम पूनिया, चैन सिंह भाटी, मुनिराम साहु, नरसीराम नायक, कुम्भनाथ, प्रेमनाथ, मोहननाथ, छोगाराम व बाबूलाल तर्ड आदि शामिल थे।

# 12 वीं कला के परिणाम में लड़कियों ने बाजी मारी

**बीकानेर,** (कासं)। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की बारहवीं आर्ट्स का रिजल्ट गुरुवार को घोषित हो गया। बीकानेर का रिजल्ट 92.12 प्रतिशत रहा है, जिसमें 94.24 प्रतिशत रिजल्ट लड़कियों का रहा। लड़कों का परिणाम 90.22 प्रतिशत रहा। ऐसे में एक बार फिर लड़कों को पीछे छोड़ लड़कियां आगे आ गई है।

बीकानेर के 29 हजार 462 स्टूडेंट्स ने एग्जाम के लिए फॉर्म भरा था, जिसमें 28 हजार 952 ने एग्जाम दिया। रिजल्ट की खास बात ये रही कि लड़कों की तुलना में कम लड़कियों ने

- **बीकानेर का रिजल्ट 92.12 प्रतिशत रहा है, जिसमें 94.24 प्रतिशत रिजल्ट लड़कियों का रहा**

एग्जाम दिया लेकिन फर्स्ट डिविजन में लड़कों से कहीं ज्यादा आगे रही। इस बार 15 हजार 230 लड़कों ने एग्जाम दिया, जिसमें छह हजार 518 ने फर्स्ट डिविजन प्राप्त की। वहीं लड़कियों की संख्या 13 हजार 722 थी लेकिन फर्स्ट डिविजन की संख्या 8392 रही। इसके विपरीत सैकंड डिविजन में लड़कों की संख्या 5 हजार 854 थी, जबकि लड़कियां महज 3 हजार 807 रही। थर्ड डिविजन में भी लड़कों की संख्या अधिक रही। कुल 1366 लड़के थर्ड डिविजन आये हैं। जबकि 732 लड़कियां इस डिविजन को हासिल कर पाई। बीकानेर की रिंकू खीचड़ ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। हनुमानगढ़ जिले में 12वीं आर्ट्स स्ट्रीम का रिजल्ट 93.07 प्रतिशत रहा। इसमें बेटियों ने बाजी मारी है।

# कलेक्टर ने किया जलप्रदाय योजना के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण

**बीकानेर,**(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने शोभासर और चकगर्बी में वृहद शहरी जलप्रदाय परियोजना के कार्यों का निरीक्षण किया।



बीकानेर कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने शोभासर में जलप्रदाय योजना के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने बीछवाल में ढाई हजार एमएल के रॉ वाटर रिजर्व वायर, 30 एमएलडी के फिल्टर प्लांट, पंप हाउस तथा निर्माणाधीन प्रशासनिक एवं अन्य भवनों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता देखी और स्पष्ट निर्देश दिए कि क्वालिटी के साथ कोई समझौता नहीं हो। सभी कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए मैन पावर और संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बीछवाल के पुराने रिजर्व वायर का अवलोकन किया तथा इसमें पानी की उपलब्धता जानी।

उन्होंने कहा कि नहरबंदी के बचे हुए दिनों में शहर में पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर उपलब्ध पानी का प्रभावी उपयोग हो। पानी के लिकेज नहीं हो। जिला कलेक्टर ने चकगर्बी में परियोजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया और यहां काम की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यहां तीन हजार एमएल का रॉ वाटर रिजर्व वायर तथा 30 एमएलडी के फिल्टर प्लांट सहित विभिन्न भवन बनाए जा रहे हैं। उन्होंने शोभासर के रिजर्व वायर का निरीक्षण करते हुए यहां भी पानी की उपलब्धता जानी। इस दौरान जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिला कलक्टर ने डॉ. करणी सिंह स्टेडियम परिसर में

- **शिव धोरा पर 14 बीघा भूमि दान करने वाले भामाशाह परिवार की उन्होंने सराहना की**

साढे सात करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले मल्टी पर्पज इनडोर हॉल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि यह कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण कर लिया जाए। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच आरएसआरडीसी के नॉर्म्स के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह हॉल बनने से यहां बैडमिटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस सहित विभिन्न इनडोर खेल एक ही स्थान पर खेले जा सकेंगे। इस दौरान आरएसआरडीसी के निखिल मिश्रा, खेल अधिकारी श्रवण भांभू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# महंगाई राहत कैम्प में लाभार्थियों को गारंटी कार्ड बांटे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में विभिन्न स्थानों पर महंगाई राहत कैम्प, प्रशासन गांवों के संग, प्रशासन शहरों के संग का आयोजन जारी है। महंगाई से राहत पाने के लिये आमजन का उत्साह शिविरों में देखा जा रहा है।

आयोजित शिविरों में जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को राजस्थान सरकार की 10 योजनाओं के गारंटी कार्ड वितरित किये गये। योजनाओं से लाभान्वित होने के पश्चात लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

जिले के विभिन्न स्थानों पर महंगाई राहत कैम्प, प्रशासन गांवों के संग और प्रशासन शहरों के संग अभियान आयोजित किए गए। महंगाई राहत कैम्प में आमजन को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया गया। आमजन में महंगाई राहत कैम्प को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। शिविरों में पंजीयन के पश्चात आमजन में विभिन्न योजनाओं के गारंटी कार्ड वितरित किये गए। गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने वार्ड नम्बर 29 एवं 30 के लिये प्रेम नगर पार्क में आयोजित कैम्प में पहुंचकर लाभार्थियों से संवाद किया और उन्हें गारंटी कार्ड वितरित किये। इस दौरान विधायक गौड़ ने उपस्थित जनों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाते हुए अधिकाधिक पंजीकरण करवाने का आव्हान किया। इसी तरह ग्राम पंचायत 9 जेड में आयोजित महंगाई राहत कैंप, प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किये।



श्रीगंगानगर विधायक राजकुमार गौड ने महंगाई राहत कैम्प में लाभार्थियों को गारंटी कार्ड वितरित किए।